# CENTRAL KERALA SAHODAYA

# MODEL EXAMINATION-2024-25

**हिन्दी (ब) कोड संख्या 085**

**कक्षा - दसवीं**

**निर्धारित समय : 3 घंटे,** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देशः -**

**1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं क, ख, ग और घ**
**2. खंड - क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।**
**3. खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
**4. खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।**
**5. खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**
**6. प्रश्न पत्रा में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
**7. यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (7)**

सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है । यह बात गलत है कि हर कोई हर एक काम कर सकता है । लॉर्ड वेस्टफील्ट स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते हैं । इसी सिद्धांत के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को , जो सुस्त , ढीला - ढाला ,असावधान था ,सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया ।वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का - त्यों रहा और जीवन भर योग्य न बन सका। स्वभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है ,बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा । प्रायः यह संभावना प्रबल होता है कि .छोटी आयु में कविता करने वाला कवि , सेना बनाकर चलने वाला सेनापति , भुट्टे चुराने वाला चोर - डाकू , पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा ।जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि किस काम की ओर है ,तब यह करना चाहिए कि उसे इस विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्रप्त करके मनुष्य अपने

काम धंधे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है ।जिनके काम धंधे का पूर्ण प्रतिबिंब बचपना में नहीं दिखता , वे अपवाद ही है ।प्रत्येक मनुष्य मेंएक विशेष कार्य कोअच्छी

प्रकार करने की शक्ति होती है ।वह बड़ी द्दढ़ और उत्कृष्ट होती है । वह देर तक नहीं छिपती । उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है ।जीवन में यदि आपने सही  कार्य क्षेत्र चुन लिया ,तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया ।

**i) सफलता  प्राप्ति के लिए आवश्यक है -** (1)

क ) संसाधन का होना  ख) शिक्षित होना  ग ) परिश्रमी होना     घ) रुचि का होना

**ii)स्वाभाविक प्रवृत्तियों का पता किस अवस्था के कामों को देख कर लगाया जा सकता है ?   (1)**

क)बचपन          ख ) युवावस्था          ग) बुढ़ापे              घ) उपयुक्त सभी

**iii)निम्नलिखित कथन   (A) तथा कारण  (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **(1)**

कथन (A)हर कोई हर एक काम कर सकता है ।

कारण (R)परिश्रम ही सफलता का आधार है ।

क) कथन (A)सही है ,करण (R)गलत है ।

ख) कथन (A)तथा कारण (R )दोनों गलत है ।

ग ) कथन (A)सही है ,और कारण (R)उसकी सही व्याख्या है ।

घ) कथन (A)गलत है किंतु कारण (R)सही है ।

**iv) सफलता प्राप्ति की इच्छा रखने वाले मनुष्य का पहला कर्तव्य क्या होना चाहिए ?         (2)**

**v) गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?** **(2)**

**2) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(7)**

प्रकृति जीवनदायिनी है । प्रकृति में भी वृक्षों और वनों का बहुत महत्व है ।वन हमें वर्षा देते हैं ,प्राकृतिक पदार्थ देते हैं ,लकड़ी कोयला , गोंद ,कागज आदि देते हैं ,हमारे पशु राशि को सुरक्षित करते हैं । वनों से धरती का कटना समाप्त होता है , बादें रुकती हैंसदा भूमि की उपजाऊ शक्ति बनी रहती है । वन हर प्रकार से मानव जीवन का संरक्षण करते हैं ।वनों का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है -वर्षा लाना , बाढ़ रोकनाऔर वातावरण को शुद्ध करना ।वृक्ष जल के वेग को रोककर बाढ़ - नियंत्रण करते हैं ।वन भूमि को मरुस्थल बनने से रोकते हैं ।वे नमी को सोख कर धरती की निचली परत तक पहुंचा देते हैं ।जिस से भूमि की उपजाऊशक्ति भी बनी रहती है ।वनों के अभाव मेंधरती के ऊसर बनने का खतरा बना रहता है ।वन
अत्यधिक मात्रा में ऑक्सीजन छोड़ते हैं । इसी ऑक्सीजन के द्वारा हमारा जीवन चलता है ।प्राण वायु के स्रोत वन हो है ।आज नगरों में जो बढ़ते हुए प्रदूषण की स्थिति है ,वनों को रोपने से ही ठीक हो सकती हैं ।वनों में हमारे पशु राशि भी सुरक्षित रहती है ।यदि ये वन  न हो तो न जाने कितने ही जीवों की जातियाँ समाप्त हो जाएँ। ये सच्चे जीवनदायक है ।

**i) वन मानव जीवन के लिए किस प्रकार उपयोगी है ?** **(1)**

क) वन केवल भूमि को मरुस्थल बनने से रोकते हैं ।

ख) वन  केवल औषधियाँ प्रदान करते हैं ।

ग ) वन मानव जीवन के लिए उपयोगी वस्तुएँ प्रदान करते हैं ।

घ ) वन केवल पशुओं के लिए चारा प्रदान करते हैं ।

**ii) वन भूमि को  मरुस्थल बनने से कैसे रोकते हैं ?** **(1)**

क) ये भूमि को मजबूत बनाते हैं ।

ख) ये पानी बहने से रोकते हैं ।

ग) ये नामी को सोखकर धरती की निचली परत तकपहुंचा देते हैं ,जिस से भूमि की उपजाऊ शक्ति बनी रहती है ।

घ ) ये नदियों के बहाव को रोकते हैं

**iii) निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए** - (1)

कथन :वन हमें बहुत से आवश्यक प्राकृतिक पदार्थ देते हैं ।

निष्कर्ष : वन सभी प्राणियों के लिए सच्चे जीवन दायक है ।

क) कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है ।

ख )कथन और निष्कर्ष दोनों सही है ।

ग) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है ।

घ ) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत है ।

**iv) प्रकृति  को जीवनदायिनी क्यों कहा गया है ?** **(2)**

v) **प्रस्तुत गद्यांश हमें क्या संदेश देता है १** **(2)**

## खंड ख  ( व्यावहारिक व्याकरण)

**3 ) पदबंध पर आधारित पाँच  प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(4 X 1=4)**

i) एक ज़मान था कि लोग आठवां दर्ज पास करके नायब।तहसीलदार बन जाते थे । -वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

ii)स्त्रियाँ  मोनु मेंट की सीढियों पर चढ़कर झंडा फहरा रही थी ।इस वाक्य में से क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए ।

iii)  सर्वनाम  पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

iv) जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी रास्ते में उत्साह और  नवीनता मालूम होती थी । -वाक्य में रेखांकित  पदबंध का भेद लिखिए।

v) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है  , उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

**4) रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4)**

i) जब तताँरा वामीरो से मिला तो उसके जीवन में परिवर्त्तन आया ।वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

ii)जैसे ही उनकी नजर मेरी और उठी वैसे ही मेरे प्राण निकले । - वाक्य का भेद लिखिए ।

iii)जापान में चाय पीने की विधि को चा - नो - यू .कहते हैं ।वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

iv)उदाहरण द्वारा संयुक्त वाक्य एवं मिश्रित वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

v)मिश्रित वाक्य में योजक शब्द का भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

**5)समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4 X 1 =4)**

i) '**नीलकमल**' कर्म धारय समास है कैसे ?

ii) **'रातोंरात'** सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए ।

iii) द्वंद्व समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए

iv) **'चतुर्भुज'** सामासिक पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए ।

v) द्विगु समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

**6) मुहावरे पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4 X 1 = 4)**

i) 'आडे हाथो लेना और कमर कसना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

ii) जब भी हम कोई अच्छा काम करते हैं , दुनिया ________________कर देती है, पर हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए । उचित मुहावर स रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

iii) बेडे भाई साहब ___________ बाद ही एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जा सके ।उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

iv) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का वाक्य बनाइए ।

v) आजकल हमारी देश में पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव बडी ही तेजी से________ रहा है।

## खंड ग (5 × 1=5)

**7)निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए ।**

दुनिया कैसे वजूद में आई ? पहले क्या थी ? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई ?इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है ,धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से ।संसार की रचना भले ही कैसी हुई हो ,लेकिन धरती किसी एक की नहीं है । पंछी ,मानव ,पशु , नदी,पर्वत ,समंदर आदि की इसमें बराबरी की हिस्सेदारी है । यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बडी बडी दीवारें खडी कर दी है ।पहले पूरा संसार यह परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकरएक दूसरेसे दूर हो चुका है ।पहले बड़े - बड़े दालानों आँगनों मेंसब मिल-जुल कर रहते थे ,अब छोटी-छोटी डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने

लगा है । मानव का धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे-छोटे टुकड़ों में बँटगया है । बढ़ती हुई आबादी ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है ।

**i)मानव जाति का धरती पर अधिकार जमाने के कारण संसार छोटे-छोटे टुकड़ों में बँट गया है "लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है ,मानव का अन्य प्राणियों और प्रकृति के प्रति उसका**

क) स्वार्थभाव ख मैत्रीभाव ग ) व्यक्तित्व घ ) कर्तव्यबोध

**ii) धरती किसी एक की नहीं है ;लेखक ने ऐसा कहा क्योंकि उसके अनुसार**

क)इस पर केवल वंशिका अधिकार है

ख )सभी जीव एक समान नहीं है

ग)धर्म ग्रंथ में इस बात का वर्णन किया गया है

घ)इस पर प्रत्येक जीव का समान अधिकार है

**iii) पहले बडे बड़े दालानों - आँगनों में सब मिल जुलकर रहते थे, अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है " कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि मानव है**

क)कर्तव्य निष्ठ,परिश्रमी आध्यात्मिक

ख )समाज सुधारक ,कर्मयोगी ,संवेदनशील

ग)आदर्शवादी ,स्वार्थी , द्दद निश्चयी

घ) स्वार्थी , मौका परस्त , असंवेदनशील

**iv) कथन (A)आज संसार टुकड़ों में बँटकर रह गया है**

**कारण (R)मानव की आँखों पर स्वार्थ तथा आधुनिकता का पर्दा पड़ चुका है ।**

क)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है ।

ख)कथन (A) गलत है ,लेकिन कारण (R) सही है

ग) कथन (A) सही है ,लेकिन कारन (R)उसकी गलत व्याख्या करता है ।

घ )कथन (A) और कारण (R)दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**v)लेखक का आबादियों के समंदर को पीछे सरकाने से क्या अभिप्राय है ?**

क)समंदर को सुखा कर उसकी धरती का उपयोग करना

ख) समंदर के पानी क स्तर कम करना

ग) मनुष्य द्वरा समंदर में घर बनाया जाना

घ) इनमें से कोई नहीं

**8 ) गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए । (3× 2=6)**

i)शैलेंद्र ने राजकुमार की भावनाओं को शब्द दिए है ।इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है? स्पष्ट कीजिए

ii) शश्वत मूल्यों से क्या तात्पर्य है ? व्यवहारवादी लोगों के बारे में लेखक ने क्या संदेश दिया है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

iii ) **डायरी का एक पन्ना** पाठ के आधार पर पुलिस बर्बरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

iv) तताँरा _ वामीरो कौन थे ?उनकी त्यागमयी मृत्यु से निकोबार की प्राचीन रुढियाँ में क्या परिवर्तन आया ।

**9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों वे$ उत्तर वे$ लिए सही विकल्प का चयन कीजिए**

अब तो बहरहाल **(5×1=5)**

छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़रीग हो

तो उसके ऊपर बैठकर

चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप

कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं

खास कर गौरैयें

वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप

एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

(I) तोप पर बैठकर कौन गपशप करते हैं/करती हैं?

(क) चिड़ियाँ (ख) सैलानी (ग) बच्चे (घ) सैनिक

(II) तोप पर अब कौन घुड़सवारी करता है?

(क) पक्षी (ख) स्त्रियाँ (ग) बच्चे (घ) नवयुवक

**(III) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

अभिकथन (A) : तोप अब मात्रा प्रदर्शन की वस्तु बनकर रह गई है।

कारण ;त्द्ध : कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो अत्याचारी का एक-न-एक दिन अंत अवश्य होता है।

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A)और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(IV) प्रस्तुत काव्यांश का भाव है-**

(क) बच्चे तोप पर बैठकर घुड़सवारी करते हैं।

(ख) चिड़ियाँ तोप पर बैठकर गपशप करती हैं।

(ग) गौरैया तोप के अंदर घुस जाती हैं।

(घ) अत्याचारी का अंत एक दिन अवश्य ही होता है, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो।

**(V)'एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।' पंक्ति का अर्थ है-**

(क) शक्तिशाली एवं अत्याचारी का कभी अंत नहीं होता।

(ख) कमजोर व्यक्ति का हमेशा अंत होता है।

(ग) शक्तिशाली एवं अत्याचारी का अंत कभी न कभी अवश्य होता है।

(घ) कभी-कभी शक्तिशाली एवं अत्याचारी का अंत होता है।

**10) काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ह तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में लिखिए। (3×2=6)**

i )"**कर चलो हम फिदा** "कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?कविता की दो विशेषताएं भी लिखिए ।

ii ) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश का प्राकृतिक दृश्य अत्यंत मनोरम हो जाता है । इस कथन के अलोक में **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता का प्रतिपद्य अपने शब्दो में लिखिए ।

iii) मीरा भक्ति के विषय में क्या संदेश देना चाहती है ?

iv)**मनुष्यता** कविता में उदार व्यक्ति की क्या पहचान बताई गई है और उसके लिए क्या भाव व्यक्त किए गए है?

**11) पूरक पुस्तक संचयन पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए । (2× 3=6)**

i) **' सपनो के से दिन '** पाठ के लेखक और उसके साथी किस प्रकार गर्मियों की छुट्टियाँ बिताया करते? आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करते हैं , लिखिए ।

ii) संयुक्त परिवार में सुख पूर्वक रहने के लिएआप किन किन जीवन मूल्यों को आवश्यक मानते हैं ? और क्यों ? **हरिहर काका** पाठ के आलोक में उत्तर दीजिए ।

iii) इफ्फ़न की दादी की मौत के बाद टोपी को उसका घर खाली - सा क्यों लगने लगा ? कारण सहित उत्तर दीजिए

**खंड घ ( रचनात्मक लेखन )**

**12)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत - बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (1× 5=5)**

**i) प्रकृति की संरक्षण**

संकेत बिंदु : मनुष्य एव प्रकृति का संबंध , प्रकृति से खिलवाड़ प्रदूषण की समस्या

**ii) मानव जीवन  में शिक्षा का महत्त्व**

संकेत बिंदु :शिक्षा जीवन की अनिवार्य आवश्यकता ,   मानव के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में

सहायक      शिक्षा   के विकास से राष्ट्र की उन्नति

**iii) मोबाइल फोन : सुविधा या असुविधा**

संकेत बिंदु :.अनिवार्य आवश्यकता  , उपयोगिता   ,  उचित रीति  से प्रयोग

**13) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर  लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए        (1× 5=5)**

आप कीर्ति दत्ता / कार्तिक दत्ता है । दैनिक जागरण समाचार पत्र  के संपादक को पत्र लिखकर सरकार द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के अभियान पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

**अथवा**

अपने क्षेत्र के पेड़ पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिफ  जिलाधिकारी को पत्र लिखिए ।

**14)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए । (1× 4=4)**

आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव है।विद्यालय में होने वाली कविता प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण  हेतु सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

आप गीता कॉलोनी,दिल्ली के सब्जी है ।अपनी कॉलोनी की ओर से होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम की सूचना तैयार कीजिए

**15)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए  (1× 3=3)**

' भ्रष्टाचार मुक्त भारत ' के विषय में लोगो को जागरूक करते हुए सरकार की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए । .

**अथवा**

कोई कंपनी जैविक फल  सब्जीबाज़ार में लाना चाहती है,उसके प्रचार - प्रसार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए

**16) छोटी -छोटी बातें जीवन में बहुत बडे बदलाव तारी है । जैसे अपने काम स्वंय करना** … पंकित से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए ।                                **(1× 5=5)**

**अथवा**

आपके विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस मनाया गया ।इसकी जानकारी देते हुए  स्कूल प्रबंधन  समिति के अध्यक्ष को 80 शब्दों में ई - मेल लिखिए |